साइबर अपराध से बचने का बेहतर उपाय है जागरूकता

इंदौर • आज पूरे विश्व में सबसे तेजी से साइबर अपराध घटित हो रहे हैं क्योंकि आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है। साइबर स्पेस में अपराधी आपकी जानकारी चुराने, इंटरनेट के जरिये हैकिंग करने, बैंकिंग फ्राड, एटीएम फ्राड और लाटरी में राशि जीतने जैसे प्रलोभन देकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। इससे बचने का सबसे बेहतर उपाय है जागरूकता। यह विचार पुलिस महानिरीक्षक वरुण कपूर ने ब्लैक रिबन इनिशिएटिव के तहत संचालित सहयोग अभियान की कार्यशाला में व्यक्त किए। अथर्व पैकेजिंग प्रा.लि. में आयोजित वर्कशॉप में श्री कपूर ने सदस्यों को सोशल नेटवर्किंग के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड और साइबर स्टॉकिंग आदि की जानकारी दी। उन्होंने संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए।